Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 20 September 2024

Dainik Jagran
Page - 01

पर्यावरण संरक्षण में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. निशी

केआईपीएम के छात्र डीडीयू में हुए पुरस्कृत

Amar Ujala
Page - 07

विमर्श से ही निकलेगा पर्यावरण संरक्षण का हल : कुलपति

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में बहुस्तरीय को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हो गया। पहले दिन पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर देश-विदेश से जुटे विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवशाली क्षण है। ये साहित्य और पर्यावरणीय चिंताओं के गहरे संबंध पर वैश्विक संवाद का मंच प्रदान कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ साहित्य में नवीनतम शोधों पर भी जानकारी हुई। अंग्रेजी विभाग विश्वविद्यालय का रोल मॉडल है।

मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. निशी पांडेय ने महाकाव्यों और धर्मग्रंथों से प्राप्त पर्यावरण संरक्षण की सीख पर विशेष बल दिया।

मुख्य वक्ता प्रो. अक्षय कुमार ने कहा कि पर्यावरण का रोष सीमाओं के बंधन नहीं जानता। मानव स्वार्थ और उपभोग की प्रवृत्ति ने इसे गंभीर संकट में डाल दिया है। साहित्य के माध्यम से हम बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। संवाद

एमए शिक्षाशास्त्र की रिक्त सीटों के लिए 24 को होगी स्पॉट काउंसिलिंग

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए शिक्षाशास्त्र प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-24 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 24 सितंबर को ऑन स्पॉट काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष व अधिष्ठाता ने देते हुए बताया कि ऑन स्पॉट काउंसिलिंग में शामिल होने वाले अर्ह अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा की मेरिट की वरीयता के क्रम में संवर्गवार शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए कटऑफ ओबीसी संवर्ग के 114 या इससे कम एससी एसटी संवर्ग के 115 या इससे कम और ईडब्ल्यूएस जनरल संवर्ग के 83 या इससे कम अंक पाने पर प्रतिभाग कर प्रवेश पा सकते हैं। संवाद

डीडीयू : 11 नवंबर से विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी

15 से 25 अक्तूबर के बीच होगा आंतरिक मूल्यांकन, इस सत्र से बदला है पैटर्न

पूर्वांचल छात्र महोत्सव के पोस्टर का कुलपति ने किया अनावरण

Hindustan
Page - 02

केआईपीएम टेक्निकल कैंपस में स्वामी विवेकानंद कार्यक्रम का आयोजन।

केआईपीएम के छात्र डीडीयू में हुए पुरस्कृत

गोरखपुर। डीडीयू के गणित विभाग में स्वामी विवेकानंद के संदेशों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केआईपीएम टेक्निकल कैंपस के 10 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि छात्रों ने गणित विभाग द्वारा आयोजित विषय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया था। प्रो. विनोद सोलंकी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। केआईपीएम कॉलेज की प्रबंधक सुनीता सिंह ने कहा कि विवि कॉलेज के छात्रों को प्रतिभा का मौका और पुरस्कृत किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

पोस्टर का अनावरण करतीं डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन। ●हिन्दुस्तान

पूर्वांचल छात्र महोत्सव के पोस्टर का अनावरण

गोरखपुर। डीडीयू में अक्तूबर में आयोजित होने वाले पूर्वांचल छात्र महोत्सव का पोस्टर का गुरुवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अनावरण किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष व छात्र नेता नारायण दत्त पाठक ने बताया कि इसमें चित्रकला, गायन, भाषण, स्वरचित कविताएं, रंगोली, निबंध एवं सेल्फी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। छात्रों की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से कई नयी से इसका आयोजन किया जा रहा है।

Rashtriya Sahara
Page - 07

धर्मग्रंथों से भी मिलती है पर्यावरण की शिक्षा

Amar Ujala Select
Page - 04

डीडीयू : कल तक जमा करें प्रमाणपत्र

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के बीए, बीएससी, बीकाम, एमए, एमएससी, एमकाम व एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनका प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर नहीं हुआ है। वह खेल कोटा का भी विकल्प चिह्नित किए हैं, ऐसे अभ्यर्थी खेल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद कार्यालय में शनिवार शाम चार बजे तक अवश्य जमा कर दें। यह जानकारी विश्वविद्यालय के खेल कोटा समिति की संयोजक प्रो. अनुभूति दुबे ने दी।

डीडीयू : 24 को होगी स्पॉट काउंसिलिंग

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए शिक्षाशास्त्र प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-24 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 24 सितंबर को ऑन स्पॉट काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष व अधिष्ठाता ने देते हुए बताया कि ऑन स्पॉट काउंसिलिंग में शामिल होने वाले अर्ह अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा की मेरिट की वरीयता के क्रम में संवर्गवार शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए कटऑफ ओबीसी संवर्ग के 114 या इससे कम एससी एसटी संवर्ग के 115 या इससे कम और ईडब्ल्यूएस जनरल संवर्ग के 83 या इससे कम अंक पाने पर प्रतिभाग कर प्रवेश पा सकते हैं।

डीडीयू में 11 नवंबर से विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी

सेडिका व डीडीयू ने फुटबॉल मैच में गाड़े झंडे

गोरखपुर(एसएनबी)। सेडिका के मैदान पर खेलप्रतिभा को अन्तरमहाविद्यालयीय फुटबालर प्रतियोगिता के तहत आज चार टीमों ने दो मैच खेले। प्रथम मैच सेडिका ने 12-0 से जीता जबकि दूसरा मैच डीडीयू ने 5-0 के अंतर से अपने नाम किया।

सेडिका इस वर्ष अपना 125वां वर्षगांठ मना रहा है। इस उपलक्ष्य में अन्तर महाविद्यालयीय विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रातः 11 बजे फुटबॉल ग्राउण्ड पर अन्तर महाविद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रांचार्य प्रो. सौजी सैमुएल द्वारा किया गया।प्रो. सुशील कुमार राय ने बताया कि उद्घाटन मैच सेडिका और दिग्विजय नाथ डिग्री कॉलेज के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता में सेडिका ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए दिग्विजय नाथ कॉलेज को 12- 0 के अन्तर से पराजित किया। सेडिका की तरफ से आक्षत मरिस ने 4, अभिषेक, मो. सौफ और विवेक ने 2- 2 तथा अमन एवं सत्यम ने 1-1 गोल किया। डीवीएनपीजी की तरफ से राहुल सिंह, अभिनाश शुक्ल, सुमित और रितेश ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह का दूसरा मैच दीदउ गोरखिव और एमपी कालेज जंगल धूरण के बीच खेला गया। जिसमें विवि की टीम ने एमपी कालेज जांगलधूरण को 5-0 के अंतर से पराजित किया। विवि की तरफ से विनय विश्वकर्मा ने 3 गोल और विवेक पासवान ने 2 गोल किया। एमपी कालेज जंगल धूरण की तरफ से पवन, सचिन, राहुल और सत्यम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। आज का मैच शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो.वेलिपर मारिया राज और डॉ. जिलाजीत चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ। मैच रेफरी गोरखपुर फुटबॉल एसोसिएशन की तरफ से संजय साहनी, विकास कुमार, भो. नसीम और मेहताब जहमद ने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की उपस्थिती रही।शुक्रवार का मैच विवि और दिग्विजय नाथ कॉलेज के बीच सुबह 11 बजे से खेला जायेगा।

- अन्तरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता का शुभारंभ
- पहले दिन दो फुटबॉल मैच खेले गये
- डीडीयू एवं डीएनपीजी के बीज प्रतिस्पर्धा आज

---

11 नवंबर से विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी

15 से 25 अक्तूबर के बीच होगा आंतरिक मूल्यांकन, इस सत्र से बदला है पैटर्न

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 नवंबर से शुरू हो सकती हैं। इसे लेकर कवायद शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय और कॉलेजों में आंतरिक मूल्यांकन भी 15-25 अक्तूबर के बीच किए जाएंगे। हर हाल में 31 अक्तूबर तक आंतरिक के अंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन अगले एक-दो दिन में आदेश जारी कर सकता है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में समय से पढ़ाई, परीक्षा और रिजल्ट जारी हो, इस लेकर अभी से योजना बननी शुरू हो गई है, ताकि छात्रों और कॉलेजों को भी तैयारी का पूरा मौका मिले। इसी क्रम में 11 नवंबर से परीक्षाएं कराए जाने की योजना बनाई गई है। विश्वविद्यालय में 11 जुलाई से ही तृतीय, पंचम, सप्तम और नवम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो गई थीं। इस हिसाब से उनका क्रेडिट कोर्स तब तक पूरा हो चुका होगा। उनकी परीक्षाएं होंगी, तब तक यूजी और पीजी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के कोर्स करीब पूरे हो चुके होंगे। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं बाद में होंगी।

आंतरिक के 25 में से 20 अंक टेस्ट के और पांच अंक उपस्थिति के होंगे। बीस अंकों के टेस्ट संबंधित शिक्षक खुद कराएंगे। उन्हें कौन से वर्णनात्मक प्रश्न पूछने हैं ये भी कॉलेज ही तय करेंगे। कॉलेज निर्धारित अवधि में किसी भी दिन टेस्ट करा सकेंगे। इसमें विश्वविद्यालय कोई दखल नहीं देगा।

छात्रावास आवंटन :नये अभ्यर्थी 24 तक जमा करें प्रपत्र

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि के जिन विद्यार्थियों ने छात्रावास आवंटन के लिए नया आवेदन किया है वे अभ्यर्थी छात्रावास के कार्यालय में 24 सितंबर 2024 दिन मंगलवार के सायं 4 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने सभी प्रपत्र जमा कर दें। यह जानकारी देते हुए प्रो. शिवाकांत सिंह मुख्य अभिरक्षक ने कहा है कि जिन छात्र व छात्राओं के प्रपत्रों की हार्डकापी छात्रावास कार्यालय में जमा नहीं होगी उनके आवेदनपत्र निरस्त कर दिए जाएंगे। इन कागजातों में आवेदन की कॉपी, हाईस्कूल का अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, गतवर्ष (अर्हता प्रदायी परीक्षा) परीक्षा का अंक पत्र। प्रवेश परीक्षा का अंक पत्र (जिन पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई है अथवा एकेटीयू, सीयूईटी, जेईई, बीएड)।

प्रमाणपत्रों की छायाप्रति जमा करने की अंतिम तिथि कल तक

गोरखपुर(एसएनबी)। विधि परिषद में सत्र 2024-2025 के बीए, बीएससी, बी. काम, एमए, एमएससी, एमकाम तथा एलएलबी, तीन वर्षीय कोर्स में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनका प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर नहीं हुआ है। यदि उन्होंने अपने आवेदन पर खेल कोटा का विकल्प चिन्हित किया है तो वह अपने समस्त खेल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद कार्यालय में 21 सितंबर 2024 को सांय 4 बजे तक अवश्य जमा करें। यह जानकारी दूबे संयोजक खेल कोटा समिति ने दी।

Swatantra Chetna Page - 05

पर्यावरण का रोष सीमाओं के बंधन नहीं जानता : प्रो.अक्षय

एमए शिक्षाशास्त्र की ऑन स्पाट काउन्सलिंग 24 को

Nirbhik India

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन का भव्य आयोजन

गोरखपुर, संवाददाता-

असम प्रान्त की अग्रणी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठन कुटुम्ब सुरक्षा परिषद के द्वारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्वयात्मा पुरोधा महापुरुष श्रीमन्त शंकरदेव के 576 वें जन्मोत्सव के अवसर पर अयोध्या में त्रिदिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन " महापुरुष श्रीमन्त शंकरदेव भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा" विषय पर समायोजित है। यह सम्मेलन 20 सितम्बर से 22 सितम्बर, 2024 तक धर्मनगरपथ, श्री माणिलाल दास हावनी, श्री राज सत्संग अवन के प्रांगण में सम्पन्न होगा।

संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, टीणदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, श्रीमन्त शंकरदेव आसन, पंजाब विश्वविद्यालय, असम महिला विश्वविद्यालय और कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत एवं पुरातात्त्वायतन विश्व- विद्यालय के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों संस्कारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिभागी है सम्मिलित होंगे। टीणदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व- विद्यालय के संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग की समन्वयक डॉ0 लक्ष्मी त्रिश्र के नेतृत्व में विभागीय आचार्य एवं शोधार्थी त्रिधिस्ट विषय पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे

तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निर्देशन करेंगे। डॉ0 लक्ष्मी त्रिश्र सभाध्यक्ष रूप में भी सम्मेलन के एक शैक्षिक सत्र का सञ्चालन करेंगी।

जानाय है कि " कुटुम्ब सुरक्षा परिषद सुप्रधार" शीर्षक से असमेतर राज्यों में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर विशाल सम्मेलन का आयोजन करती है। श्रीमन्त शंकरदेव ने भारत की अत्यन धरा पर भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को पुनरुज्जीवित करने के लिए है। जिस भारतीय सांस्कृति का सृजन सदियों पूर्व किया था, वह न केवल धार्मिक, अपितु सामाजिक और सामाजिक दृष्टि से भी एक अत्यन्त उपलब्धि है।

उन्होंने भक्ति आन्दोलन के दिग्यानधर्ता समाज के साथ जनमानस को लगजगगण का संदेश और सालों के सुदृढ़ आधार पर भारतीय एवं संस्कृति का विशाल दुर्ग निर्मित किया। उनके साहित्य और उनके दर्शन का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए तथा राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान को देने के जन-जन तक पहुँचाने के लिए परिषद ने श्रीरान की • पावन पुरी अयोध्या में उक्त सम्मेलन का आयोजन किया है।

Hindustan
Page - 02

केआईपीएम के छात्र डीडीयू में हुए पुरस्कृत

गोरखपुर। डीडीयू के गणित विभाग में स्वामी विवेकानंद के संदेशों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केआईपीएम टेक्निकल कैंपस के 10 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि छात्रों ने गणित विभाग द्वारा आयोजित विषय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया था। प्रो. विनोद सोलंकी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। केआईपीएम कॉलेज की प्रबंधक सुनीता सिंह ने कहा कि विवि कॉलेज के छात्रों को प्रतिभा का मौका और पुरस्कृत किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

पोस्टर का अनावरण करतीं डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन। ●हिन्दुस्तान

पूर्वांचल छात्र महोत्सव के पोस्टर का अनावरण

गोरखपुर। डीडीयू में अक्तूबर में आयोजित होने वाले पूर्वांचल छात्र महोत्सव का पोस्टर का गुरुवार को कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अनावरण किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष व छात्र नेता नारायण दत्त पाठक ने बताया कि इसमें चित्रकला, गायन, भाषण, स्वरचित कविताएं, रंगोली, निबंध एवं सेल्फी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। छात्रों की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से कई वर्षों से इसका आयोजन किया जा रहा है।

वैश्विक मंच पर ही निकलेगा पर्यावरण संरक्षण का हल

Inext Page - 04

डीडीयू के अंग्रेजी विभाग में किया गया इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आगाज

पूर्वांचल छात्र महोत्सव का पोस्टर हुआ लांच

Rashtra Ki Parampara

अयोध्या में होगा राष्ट्रीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन का त्रिदिवसीय भव्य आयोजन

Super Fast Times

टेक्निकल कैम्पस के छात्रों को मिला पुरस्कार

महाकाव्यों और धर्मग्रंथों देते है, पर्यावरण की शिक्षा : प्रो. निशी पांडे

डीडीयू: अंग्रेजी विभाग में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ उद्घाटन

अयोध्या में राष्ट्रीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन का होगा भव्य आयोजन